


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.in

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 17 | अंक 303 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 12 अगस्त 2023 | मूल्य 2 रुपया

# वाहन चलाना याद, नियम नहीं!



## परिवहन विभाग दे रहा बकायदा लाईसेंस, नाबालिगों के लहराते वाहनों से हो रही दुर्घटनाएं

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ड्राइविंग याद है, लेकिन नियमों का पता नहीं है! नियम का पता नहीं फिर भी लाईसेंस पर परिवहन विभाग का ठप्पा है! जी हां, नियमानुसार यातायात नियमों की जानकारी होने के बाद ही ड्राइविंग लाईसेंस बनता है। लेकिन, दलालों के माध्यम से आसानी से लाईसेंस बन रहे हैं। परिणाम सड़क हादसों के रूप में सामने आ रहे हैं। विशेषकर नाबालिगों के लहराते वाहन उनकी खुद की और लोगों की जान के दुश्मन बने हुए है।

### बिना किसी परीक्षण के बन जाता लाईसेंस...

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बिना किसी ड्राइविंग टेस्ट या यातायात नियमों की परीक्षा लिए ड्राइविंग लाईसेंस लोगों को मिल रहा है। दलालों को रुपया देकर आसानी से लाईसेंस बनाया जा सकता है। परिवहन विभाग की भी यहां लापरवाही सामने आ रही है।

### नहीं मालूम नियम कायदे...

वाहन चालक पंकज शर्मा ने बताया कि बाइक में अपर-डिपर का बटन तो होता है। लेकिन, वास्तविकता में इसका सही उपयोग किस जगह और क्यों किया जाता है, इसकी जानकारी नहीं है। अनिल कुमार बताते हैं कि यातायात संकेत नहीं होने से अस्पताल, स्कूल, व्यवसायिक क्षेत्र या सार्वजनिक स्थान पर वाहन की कितनी गति रहनी चाहिए इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। वाहन चालक मुकेश चतुर्वेदी ने बताया कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में बाइक चालक कहीं से भी बिना संकेत दिए मुड़ जाते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

### नाबालिगों का लहेरिया कट ड्राइविंग स्टाईल...

सबसे खतरनाक स्थिति नाबालिग वाहन चालकों ने पैदा कर रखी है। लगभग हर मार्ग में नाबालिग लहेरिया कट बाइक चलाते देखे जा सकते है। इसी तरह अनियंत्रित चार पहिया वाहन मिल जाते हैं। ये कब, किसे और कहां ठोकर मार देंगे। यह अनुमान लगाना मुश्किल है। स्थिति यह है कि ऐसे बाइक और कार चालक को देख राहगीर पहले ही रोड़ किनारे खड़े हो जाते हैं। नशे की हालत में वाहन चलाने, बिना हेलमेट के दोपहिया व बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने और सड़क पर बेतरतीब वाहनों के खड़े होने से हादसे का डर बना रहता है।

### स्कूली बच्चों के पास वाहन...

शहर में कई छोटे-बड़े विद्यालय हैं, इनमें काफी संख्या में बच्चे दोपहिया वाहन से स्कूल आते हैं। इन बच्चों को न तो ट्रैफिक नियमों का पूरा ज्ञान होता है और न ही ये पूरे ध्यान से वाहन चलाते हैं। ये तेज रफ्तार में वाहन चलाना, दोस्तों के साथ रेस लगाने सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करते रहते हैं, जो स्वयं के लिए खतरनाक तो है ही साथ में अन्य लोगों के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## नंबर प्लेट पर कहीं सरपंच तो कहीं जिलाध्यक्ष...

नंबर प्लेट के नियम तो जैसे हवा हो गए है। विशेषकर नेता नगरी अपने रसूख का भरपूर लाभ उठा रही है। कहीं वाहन पर सरपंच तो कहीं जिलाध्यक्ष लिखी नंबर प्लेट लगे वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। कई वाहन मालिको ने अपने वाहनों में आकर्षक ढंग से डिजाइनें वाली नंबर प्लेट लगा रखी हैं। किसी ने बड़ा, छोटे तो किसी ने कोई भी रंग देते हुए नंबर प्लेटों को बनवाया है। ऐसा भी नहीं कि ये दो पहिया वाहनों में ही हो रहा है बल्कि चार पहिया वाहनों के चालक भी इस दौड़ में पीछे नहीं है। नगर में लोग नंबर प्लेटों में निर्धारित मापदंड में नंबरों को न लिखकर उन्हें आकर्षक ढंग से लिखवाकर नियमों का मखौल उड़ा रहे हैं।

## कार से मिला 40 किलो डोडाचूरा

### चालक गिरफ्तार, कार मालिक की तलाश

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ पुलिस ने कार से 40 किलो डोडाचूरा जप्त किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कार मालिक के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया है। जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिलने पर माउखेड़ा-सेमलखेड़ा रोड डाबड़ी के पास नाकाबंदी की गई। उसी दौरान एक बिना नम्बर की नई किआ सोनेट कार का चालक अपने वाहन को स्पीड मे चलाकर लाया। जिसे रोकने का प्रयास किया जो नही रुका और वाहन को टर्न पर ओवर स्पीड होने से रोड़ के नीचे खेत मे वाहन सहित चला गया और निकलकर भागने का प्रयास करने लगा। बाद में पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भूपेन्द्र सिंह पिता रविन्द्र सिंह राजपुत उम्र 25 साल निवासी धतुरीया थाना सीतामऊ जिला मन्दसौर का रहने वाला बताया है। कार की तलाशी के दौरान कार मे 02 प्लास्टिक के काले कट्टो मे छिपाकर रखा कुल 40 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा कार चालक भूपेन्द्र सिंह से जप्त किया गया व आरोपी को गिरफ्तार किया गया। टीआई दिनेश प्रजापति ने बताया कि कार हरपालसिंह पिता हिम्मतसिंह राजपूत निवासी सुजानपुरा के नाम से है। जिसके खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। इसकी तलाश की जा रही है।

## बारिश: प्रार्थनाओं का दौर जारी, पांच दिन संभावना नहीं

### सर्व समाज एवं ब्लॉक कांग्रेस द्वारा उजमनी मनाने का आव्हान

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिले में अच्छी बारिश नहीं होने से चिंता बढ़ती जा रही है। बारिश की कामना को लेकर शहर से लेकर गांव तक प्रार्थनाओं का दौर शुरू हो चुका है। जिले में अब तक 379 एमएम बारिश ही दर्ज की गई है। जबकि, जिले की औसत बारिश 826.5 एमएम है। उधर मौसम जानकारों की माने तो मध्यप्रदेश में फिलहाल कोई मानसूनी सिस्टम एक्टिव नहीं होने से 15 अगस्त तक बारिश की संभावना नहीं दिख रही है।

हालांकि वर्तमान में गुजरात के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का घेरा बना है। इससे गुजरात से सटे इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं लोकल सिस्टम से भी बारिश की संभावना हैं, लेकिन तेज बारिश नहीं होगी। इधर बारिश की कामना को लेकर प्रार्थनाओं का दौर शुरू हो चुका है। शनिवार को मंदसौर शहर में सर्वसमाज एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा उजमनी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी लोग अपने प्रतिष्ठान बंद रख सामूहिक रूप से शहर के मंदिरों में बारिश के लिए इंद्रदेव से प्रार्थना करेंगे।

# गलत इंजेक्शन देने से मासूम की मौत

## डॉक्टर पर कार्यवाही के लिए परिजनों सहित पाटीदार समाज के लोगों ने किया हंगामा

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ क्षेत्र की छह वर्षीय बच्ची की नीमच शहर के मेहनोत नगर में स्थित प्रधान नर्सिंग होम पर एनेस्थीसिया का इंजेक्शन लगाने से तबीयत बिगड गई। जिसको उदयपुर रेफर किया गया। बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार सुबह 9:30 बजे बड़े अस्पताल में परिजनों और समाजजनों ने डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर तीन थानों का पुलिस बल बड़े अस्पताल में तैनात किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मंदसौर जिले के सूठोद के रहने वाले सुन्दर लाल पाटीदार अपनी 6 वर्षीय बच्ची भाविका को इलाज के लिए नीमच के मेहनोत नगर स्थित प्रधान नर्सिंग होम पर लेकर गए थे। बच्ची का परीक्षण कर अस्पताल के डॉक्टर पीयूष प्रधान ने बच्ची को टॉन्सिल से संबंधित समस्या होना बताई और ऑपरेशन करवाने की सलाह दी। जिस पर परिजनों द्वारा रजामंदी दिए जाने पर गुरुवार को ऑपरेशन की तारीख दी थी। परिजन हंसती खेलती बच्ची को लेकर प्रधान नर्सिंग होम पहुंचे थे। जहां बच्ची को एनेस्थेसिया का इंजेक्शन लगाया गया था उसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन फानन में उसे उदयपुर रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव को लेकर नीमच के बड़े पहुंचे। जहां पर पाटीदार समाजाजनों द्वारा पीएम नहीं करवाते हुए डॉक्टर पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही इंजेक्शन लगाने वाले चिकित्सक के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे थे।

परिजनों और पाटीदार समाज जनों द्वारा बड़े अस्पताल और कैंट थाने के बाहर स्थित मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। हंगामें की सूचना मिलते ही शहर के तीनों थाने नीमच सिटी, कंट थाना और बघाना थाने के प्रभारी दलबल के साथ बड़े अस्पताल पहुंचे। आक्रोशित लोगो का नेतृत्व नीमच मंडी के पूर्व अध्यक्ष उमरावसिंह गुर्जर और मल्हारगढ़ के कांग्रेस नेता श्यामलाल जोकचंद ने किया।

## तलवार रखने के तीन आरोपियों को 1-1 साल की सजा

**नीमच, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** तलवार रखने के आरोपी में न्यायालय ने तीन आरोपियों को एक-एक साल की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नीमच श्रीमती पुष्पा तिलगांम द्वारा अवैध तलवार कब्जे में रखने वाले तीन आरोपी रामकृष्ण पिता केसरीमल कीर उम्र 24 वर्ष, दिग्विजयसिंह पिता शंकरसिंह राजपुत उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी ग्राम उगरान तहसील जीरन जिला नीमच एवं मदनलाल पिता गोपीलाल बलाई उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम छाछखेड़ी तहसील जीरन जिला नीमच को दंडित किया है।

एडीपीओं श्रीमती कीर्ति शर्मा ने बताया कि 14 अगस्त 2015 को दोपहर लगभग 3 बजे ग्राम रेवली-देवली से भादवामाता के मध्य कच्चे रास्ते पर महेंद्रा जीप को रोककर नीमच सिटी पुलिस ने तलाशी ली। वाहन में आठ लोग थे। पीछे की सीट पर लोहे की तलवार मिली। वाहन में मौजूद ईश्वर व सहीराम के कब्जे से पिस्टल मिली थी, इनके संबंध में पूर्व में निर्णय पारित होकर दण्डादेश दिया जा चूका हैं। मौके से आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध पुलिस थाना नीमच सिटी में केस दर्ज किया गया। बाद में न्यायालय में पेश किया गया। विचारण के दौरान आरोपी सहीराम, दोलीराम व सुरेन्द्र के फरार हो जाने से उपरोक्त तीन आरोपियो के संबंध में विचारण उपरांत निर्णय पारित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्रीमती कीर्ति शर्मा एडीपीओ द्वारा की गई।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई...

## तीन रेस्टोरेन्ट से लिये सेम्पल

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** गुरूवार और शुक्रवार को दो दिनो तक खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए मंदसौर के तीन संस्थानों का निरीक्षण कर गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते सेम्पल लिये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी बीएस जामोद ने बताया कि गुरूवार, शुक्रवार दो दिनों तक निरीक्षण के दौरान मंदसौर के होटल देव ढाणी से पनीर, बेसन, रूद्राक्ष पाटीदार फैमिली रेस्टोरेन्ट से पनीर और सेकण्ड होम रेस्टोरेन्ट लक्कड़ पीठा से पनीर एवं दालों के नमूने जप्त किये गये है। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्यामसिंह रावत द्वारा शामगढ़ भानपुरा से दो मिल्क के नमुने लिये गये है।

सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये हैं। जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान विभाग का सहयोगी स्टॉफ भी मौजूद रहा। श्री जामोद ने बताया कि आमजनों को अच्छी और गुणवत्ता युक्त खाद्य वस्तु मिले इसके लिए सभी संस्थानों के संचालकों को अपने यहां साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखने और गुणवत्ता युक्त खाद्य वस्तुएं ही विक्रय करने के दिशा निर्देश दिये गये।

# संजीत रोड़ उत्कृष्ट सड़क पर हो रहा अतिक्रमण

**नपा के कर्णधारों का नहीं ध्यान, कहीं स्थायी न हो जाए कब्जा**



**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** संजीत रोड़ उत्कृष्ट सड़क के दोनों तरफ पेवर ब्लॉक के बाद करीब 30 फीट जमीन सरकारी है। नपा ने उत्कृष्ट सड़क निर्माण के दौरान यहां इस हिस्से में सर्विस रोड़ व बैठक व्यवस्था की प्लानिंग की थी। आज रोड़ के दोनों तरफ करीब 30 फीट सरकारी जमीन पर लोगों ने कहीं स्थायी तो कहीं अस्थायी अतिक्रमण कर लिया है। शुरुआत से ही नपा अधिकारी-कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे है। इसी कारण अब अतिक्रमण स्थायी होता जा रहा है। भविष्य में जब पूरी सरकारी जमीन पर स्थायी अतिक्रमण हो जाएगा और प्रशासन कार्रवाई करने पहुंचेगा तो कई नेता जनहित की बात कहते हुए इनके समर्थन में खड़े हो जाएंगे। इस तरह प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मंदसौर नगरपालिका ने सात साल पहले जिला पंचायत तिराहा से संजीत रेलवे फाटक तक 3.50 करोड़ की लागत से उत्कृष्टसड़क का निर्माण कराया था। यहां पर्याप्त जगह होने पर शहर की पहली उत्कृष्ट सड़क रही। जिसमें किसी तरह की समस्या नहीं आई। यही नहीं सड़क निर्माण के बाद रोड किनारे पेवर ब्लॉक लगाने के बाद भी दोनों तरफ नपा के पास करीब 30 फीट शासकीय जमीन बच गई। तत्कालीन समय में नपा इंजीनियरों ने इस जमीन को सुरक्षित करने के लिए रोड के दोनों तरफ सर्विस रोड, पौधरोपण व बैठक व्यवस्था करने का प्लान बनाया था। इंजीनियरों के ट्रांसफर होते ही योजना ठंडे बस्ते में चली गई। अब यहां धीरे-धीरे सरकारी जमीन पर कब्जा शुरू हो गया है।

### पेवर ब्लॉक तक आ गया अतिक्रमण...

कई लोगो ने तो शेड व स्थायी निर्माण कर लिए। बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन दुकान वालों ने रेत, ईट, पत्थरों से अतिक्रमण कर लिया है। रेत व सीमेंट के ट्रकों के चलते पेवर ब्लॉक खराब हो गए। स्थिति यह है कि अब अतिक्रमण पेवर ब्लॉक तक आ गया है।

### मेन रोड़ की सरकारी जमीन दबाने में लगे लोग...

उत्कृष्ट सड़क पर लगे पेवर ब्लॉक के बाद करीब 30 फीट सरकारी जमीन है। करीब सवा किमी मार्ग पर अतिक्रमण की स्थिति है। मुख्य मार्ग होने से यहां 15 से 20 हजार रुपए वर्गफीट जमीन का बाजार मूल्य है। ऐसे में करीब 1 लाख 31 हजार 200 वर्गफीट शासकीय जमीन पर लोग कब्जा कर रहे है। जिसकी अनुमानित लागत 1 अरब रुपए के करीब है।

### हो चुकी है अनेक शिकायतें...

पूर्व में मामले में तत्कालीन क्षेत्रीय पार्षद ने कई बार नगरपालिका में लिखित शिकायतें कीं। परिषद में मामला उठने के बाद करीब दो साल पहले नपा अधिकारियों ने संबंधित लोगों को एक बार नोटिस जारी कर औपचारिकता पूरी कर ली। लेकिन, आज तक कोई कार्रवाई नहीं की।

### चौड़ीकरण नहीं होने से चौराहा भी घातक...

उत्कृष्टसड़क निर्माण के दौरान लक्ष्मीबाई चौराहा से मंदिर को भी शिफ्ट किया जाना था। कुछ विवाद के चलते नपा उसे शिफ्ट नहीं कर पाई, उसके बाद किसी जिम्मेदार ने ध्यान नहीं दिया। आज मंदिर की वजह से चौराहा के चौड़ीकरण नहीं हो पाया व यह घातक बना हुआ है। चौड़ीकरण नहीं होने व रोटरी ज्यादा बड़ी होने से टर्निंग में कई समस्याएं हैं।

## स्मेक की पुड़िया के साथ गरदुल्ले को दबोचा

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ थाना पुलिस ने स्मेक का नशा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से स्मेक की पुड़िया और अन्य सामग्री जप्त की गई है।

शामगढ़ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुरुवार रात में गश्त के दौरान शामगढ़ के कालाखेत क्षेत्र में इरफान पिता अयूब पठान उम्र 22 साल निवासी कचहरी मोहल्ला माताजी मंदिर के पास शामगढ़ को स्मैक जैसे नशीले पदार्थ का नशा करते हुए मौके से गिरफ्तार किया है। पता चला है कि आरोपी आदतन नशेड़ी और स्मैक जैसे नशीले मादक पदार्थ का नशा करता है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी नशे का सामान कहां से लेकर आया था। इस संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है। उधर पुलिस नगर में नशे की पुड़िया उपलब्ध कराने वाले आरोपियों की तलाश में भी जुटी है।






सफलता की कहानी

## मासिक सहायता राशि अंतरित होने पर लाड़ली बहन श्रीमती कलाबाई ने दिया धन्यवाद



**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिले की लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 1 हजार रूपए की राशि बैंक खातों में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह द्वारा जमा करवाए जाने पर खुशी व्यक्त की है। जिले के गांव बर्डियाइस्थमूरा की श्रीमती कलाबाई बताती है कि लाड़ली बहना योजना और उनके खातों में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह द्वारा तीसरे माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित करने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को हृदय से धन्यवाद दिया है।



## स्वतंत्रता दिवस के दो दिन पूर्व निकलेगी तिरंगा रैली

**बसई, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा क्षेत्र 226 में 13 अगस्त को सुवासरा क्षेत्र में तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा भाजपा नेता अशोक आसलिया ने बताया कि वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सदस्य विनय जांगिड शर्मा के नेतृत्व में सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के गांवो में राष्ट्रप्रेम जागृत करने हेतु यह आयोजन किया जा रहा है घर-घर में तिरंगा हो वही उद्देश्य लेकर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विशाल तिरंगा वाहन रैली का आयोजन होगा रेली सुबह 8:00 बजे भारतपूरा से होती हुई खजूरी नाग सीतामऊतितरोद (ठी.बसई ) कुरावन असावती चंदवासा मेलखेड़ा शामगढ होती हुई सुवासरा पहुंचेगी नगर इसका समापन होगा।

### परमवीर चक्र, अशोक चक्र से सम्मानित शहीदों को समर्पित 32 रक्तदान शिविर आज...

# एक दिन में 11 हजार से अधिक रक्तदाता करेंगे रक्तदान

**नीमच, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में आज 12 अगस्त 2023 को सभी के सहयोग से जिले में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शहीदों के नाम रक्तदान महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। देश के परमवीर च्रक एवं अशोक चक्र से सम्मानित 32 शहीदों को समर्पित 32 स्थानों पर वृहद रक्तदान शिविर आज आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में रक्तदान के लिए अब तक 11 हजार से अधिक रक्तदान दाताओं ने रक्तदान के लिए अपना ऑनलाईन पंजीयन करवाया है। जो इन शिविरों में आज स्वैच्छिक रक्तदान करेंगे। एक दिन में 11 हजार से अधिक रक्तदान का यह अपने आप में एक रिकार्ड कायम होगा।

डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आजंना ने बताया कि परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर सोमनाथ शर्मा को समर्पित रक्तदान शिविर माहेश्वरी भवन नीमच में आयोजित किया जा रहा है। नायक जदुनाथ सिह के नाम अग्रवाल पंचायत भवन बघाना, सेकण्ड् लेफ्टीनेट रामराघोराणे के नाम सीआरपीएफ केंपस नीमच, हवलदार मेजर पीरूसिह के नाम ब्लड बैंक नीमच, लान्स नायक करमसिंह के नाम हॉस्पिटल जीरन, केप्टन गुरूबचनसिह सलारिया के नाम सामुदायिक भवन पालसोडा, मेजर धनसिह थापा के नाम सरवस्ती स्कूल बोरदिया कला, सुबेदार जोगेन्दर सिह शूरसेनी राजपुत के नाम माली समाज धर्मशाला सावन, मेजर शैतानसिह भाटी के नाम आदिम जाति छात्रावास



चीताखेडा, वीर अब्दुील हमीद मसउदी के नाम हॉस्पिटल बिलसलवास कलां, लेफ्टीनेट कर्नल एबी तारापुर के नाम व्दारकापुरी मनासा, लान्स नायक अलबर्ट एक्का के नाम जनपद हॉल मनासा, फ्लाईग आफिसर निर्मलजीत सिह सेखो के नाम पंचायत भवन भाटखेडी, सेकंड लेफ्टीनेट अरूण खेतरपाल के नाम हास्पिटल कुकडेश्वर, मेजर होशियार सिह दहिया के नाम चारभुजा धर्मशाला कंजार्डा, मेजर रामास्वामि परमेश्वेरन के नाम हास्पिटल रामपुरा, केप्टन मनोज कुमार पाण्डे के नाम पाटीदार धर्मशाला चचोर एवं परमवीर चक्र से सम्मावनित केप्टन विक्रम बत्रा के नाम समर्पित पाटीदार धर्मशाला देवरी खवासा में रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है।

इसी तरह अशोक चक्र से सम्मानित नायक नरबहादुर थापा के नाम हास्पिटल जावद, हवलदार बचीतरसिह के नाम सरवानिया महाराज, फ्लाईग लेफ्टीनेट सुहासबिश्वास के नाम पाटीदार धर्मशाला डिकेन, मेजर सुदरसिह के नाम पंचायत भवन मोरवन, लेफ्टीनेट कर्नल जगन्नाथ राव जी चिटनीस के नाम सामुदायिक भवन लासुर, सेकंड लेफ्टीनेट पोलुरमुत्तुस्वा मी रमन के नाम धाकड धर्मशाला अठाना, हवलदार जोगेन्दिर सिह के नाम हास्पीटल नयागांव, केप्टान एरिक जेम्सा टकर के नाम हास्पिटल सिंगोली, केप्टोन उम्म्देसिह माहरा के नाम जैन धर्मशाला झांतला, नायब सुबेदार गुरनाम सिह के नाम हास्पिटल कदवासा, लेफ्टीनेट रामप्रकाश रोपेरिया के नाम चारभुजा सराय कांकरियातलाई, नायक निर्भय सिह सिसोदिया के नाम सराय उमर, सेंकड लेफ्टीनेट राकेश सिह के नाम नगरपालिका भवन बस स्टेण्ड रतनगढ एवं अशोक चक्र से सम्मानित केप्टन संदीप सांखला के नाम समर्पित रक्तदान शिविर, हनुमान मंदिर दौलतपुरा फंटा जाट पर आयोजित किया जा रहा है। शहीदों को समर्पित इस रक्तदान महाअभियान में अधिकाधिक नागरिकों से रक्तदान करने की अपील कलेक्टर दिनेश जैन व्दारा की गई है।

## मतदाता सूची में दावे आपत्ति कार्य को लेकर आज व कल विशेष शिविर

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विपिन जैन ने बताया कि भारत निर्वाचन द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव पूर्व मतदाता सूची को अंतिम रूप देने के लिये 2 अगस्त से मतदाता सूची में नाम जोडने एवं घटाने के साथ ही संशोधन का कार्य चल रहा है। इसी में आगामी 12 एवं 13 अगस्त को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर कार्य दिवस के अतिरिक्त विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में आमजन मतदाता सूची में नाम जोडने एवं संशोधन आदी के लिये आवेदन कर सकते है।

अत: मंदसौर जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो, मोर्चा संगठनो के अध्यक्षो, विभागो, प्रकोष्ठो के अध्यक्षो के साथ ही मंडलम, सेक्टर एव बीएलए पदाधिकारियो से आग्रह है कि आम नागरिको को विशेष शिविर का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करे। इसके साथ ही यथा संभव आम नागरिको के आवेदन करवाने हेतु मतदान केन्द्रो पर समय देवे। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री एवं प्रवक्ता श्री सुरेश भाटी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## मंदसौर एग्रो प्रोड्यूसर इंडस्ट्री की बैठक सम्पन्न

**दलौदा, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर एग्रो प्रोड्यूसर इंडस्ट्री की बैठक ग्राम दलोदा रेल में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उप संचालक मंदसौर कृषक कल्याण विभाग श्रीमती अनीता धाकड ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने एवं कृषि आदान का खर्च कम करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा पूरे प्‌भारत भर में एफपीओ बनाए गए हैं उसी के अंतर्गत दलोदा में बने इस एफपीओ के माध्यम से किसान अपने उत्पाद अच्छे भाव में बेच सकते हैं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर सकते हैं एवं किसानों का समूह अपनी आवश्यकता की खाद बीज एवं दवाइयां को कम लागत पर खरीद कर बहुआयामी गतिविधियों के माध्यम से संस्था को चला सकते हैं व अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकते हैं नाबार्ड के डीएम श्री योगेंद्र सैनी ने बताया कि एफपीओ को वित्त पोषण नाबार्ड से किया जा रहा है नाबार्ड एफपीओ की गतिविधियों की , मॉनिटरिंग करता है उद्यानिकी विभाग के श्री एसएस धाकड ने उद्यानिकी विभाग द्वारा दिए जाने वाले अनुदान व व योजनाओं की जानकारी दी इफको के स्टेट हेड श्री पीसी पाटीदार ने यूरिया के विकल्प नैनो यूरिया से जुड़ी जानकारी दी वह किसानों की शंकाओं का समाधान किया आपने इस ग्रुप के माध्यम से यूरिया डीएपी दिलवाने के बारे में आश्वस्त किया मंदसौर विकासखंड के एसडीओ चेतन पाटीदार सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी वानखेड़े इफको के श्री आर एस राठौड़ व संजय महाजन आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ संस्था के अध्यक्ष समरथ धाकड ने अतिथियों का स्वागत किया कार्यकारी अधिकारी राकेश पाटीदार ने संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा साधारण सभा से अनुमोदन करवाया तथा आगामी वर्ष की कार्य योजना प्रस्तुत की ग्राम दलोदा रेल के पाटीदार धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के 325 सदस्य ने उपस्थिति दर्ज करवाई आभार स्पर्धा करने वाला संचालक मंडल के सदस्य संचालक मंडल के सदस्य बद्रीलाल पाटीदार बालमुकुंद पाटीदार पाटीदार पाटीदार पाटीदार रामनिवास राठौड़ नबी नूर मंसूरी सुनील कुमावडत आदि उपस्थित थे।

## वित्त मंत्री की विधानसभा में सीबीएन की गुंडागर्दी

**पिपलियामंडी, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा की विधानसभा में इन दिनों सीबीएन की मनमानी देखने को मिल रही है, जब चाहे जहां चाहे जैसे चाहे , कानून व नियमों की भोंगली कर गलत तरीके से कार्यवाही करने में जुटी हुई है। धुँधडका में आज सीबीएन ने किसान के घर दबिश दी परन्तु कुछ नही मिला सीबीएन की दादागीरी से परेशान महिलाओं ने आक्रोशित होकर सामना किया तब जाकर सीबीएन को बैरंग लौटना पडा, ऐसी अनाप शनाप दादागीरी गुंडागर्दी से परेशान ग्रामीण अब एक ही बात कर रहे है, क्या यह है भाजपा का शासन क्या यह है वित्त मंत्री जगदीश देवडा के क्षेत्र का सुशासन जहाँ किसानों के घर मे जब चाहे कोई ही घुस जाए किसी को भी उठा ले और फर्जी केस बनाने के नाम पर किसानो को डराया जा रहा। इससे पहले भी बालागुडा में किसान को सीबीएन द्वारा उठाने के बाद भारी विरोध हुआ था।

## धानमंडी पम्प हाउस व अन्य कार्यों का लोकार्पण कल होगा

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि 13 अगस्त रविवार को शाम 4 बजे धानमण्डी पम्प हाउस स्थल पर वर्तमान नपा परिषद के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने पर धानमण्डी में नवनिर्मित पम्प हाउस का लोकार्पण होगा। इस मौके पर विद्युत कार्य हेतु स्काय लिफ्ट वाहन का लोकार्पण व स्वच्छता मिशन अंतर्गत 15 स्वच्छता वाहनों का भी लोकार्पण होगा।

इस कार्यक्रम के उपरांत सेंटर लाइट जो कि नगर के तीन प्रमुख मार्गो पर लगाई गई है उसका स्वीच दबाकर लोकार्पण भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंदसौर-नीमच-जावरा क्षेत्र के सांसद श्री सुधीर गुप्ता, मंदसौर विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया, भारत सरकार की संस्था हुडको के डायरेक्टर व भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया, प्रदेश के पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला, भाजपा जिला महामंत्री श्री विजय अठवाल, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री पारस मावर, भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत, भाजपा दक्षिण मण्डल अध्यक्ष श्री अजय आसेरी होंगे। मंदसौर नगर के गणमान्य नागरिकों ने नपा परिषद आव्हान करती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होवे। इस आशय की अपील नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, जलकार्य समिति सभापति श्री निलेश जैन, लोक निर्माण सभापति श्रीमती निर्मला नरेश चंदवानी, स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने की है।



## ट्रेक्टर-ट्राली से धार्मिक स्थलों पर जारहे चालकों को फूल भेंट कर कहा-धीमे चले सुरक्षित पहुंचे

**मल्हारगढ़, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ट्रेक्टर-ट्राली व अन्य वाहनों से धार्मिक स्थलों पर जारहे वाहन चालकों को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष कन्हैयालाल पाटीदार,विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद पटेल,बालागुडा मंडलम अध्यक्ष कन्हैयालाल गुर्जर आदि ने फोरलेन पर गुरुवार रात्रि में कई वाहन चालकों को गुलाब के फूल भेंट कर गांधी गिरी की। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि धार्मिक यात्रा पर जारहे वाहन चालक हमेशा वाहन धीमे चलाए ओर खुद सहित सभी को सुरक्षित रखे,जहां तक होसके रात्रि में वाहन बिलकुल नही चलाए,साथ ही छोटे बचो को भी आगे बैठाने की गलती नही करे।दुर्घटनाओं के बाद भी हम सबक नही लेते।

## दिव्यानंद कावड़ यात्रा 15 को उज्जैन के लिए प्रस्थान करेगी

**मनासा, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 10वी दिव्यांनंद कावड यात्रा उज्ञैन के लिए प्रस्थान करेगी ।कावड यात्रा संयोजक विजय नाना भाई उदासी, रामप्रसाद कसेरा,विष्णु चौहान,दिनेश अग्रवाल, राहुल राठौर, पिन्टू नागौरी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 10वी दिव्यांनंद पैदल कावड यात्रा 15अगस्त को सुबह9बजे मंशापूर्ण महादेव मंदिर से बैंड बाजो,ढोल ढमाको के साथ शिव भक्त कावड यात्रा के लिए रवाना होगे ।जो नगर के प्रमुख मार्गो र्से होते हुए। रामपुरा नाका,मन्दसौर नाका होते हुए। उज्ञैन महाकाल मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। आठ दिन की पैदल यात्रा नारायण गढ,मन्दसौर, दलौदा, जावरा, बडावदा,नागदा,उन्हेल,होते हुए ।21अगस्त को उज्ञैन पहुचकर महाकाल मंदिर की शाही सवारी मे शामिल होगी व 22अगस्त को महाकाल का जलाभिषेक कर महाप्रसादी का भोग लगाया जावेगा। कावड यात्रा को लेकर तैयारियां पुरी कर ली गयी है।



## सड़क पर गड्डों में भरा गंदा पानी, ग्रामीण परेशान

**पिपलियामंडी, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बरखेडा जयसिंह बालाजी मंदिर से होली थडा मार्ग पर गंदगी का साम्राज्य है। मार्ग पर जगह-जगह गड्ढों में नाली का पानी भरा हुआ है। शिकायत के बावजूद गड्ढों में भराव नही कराया, मच्छरों की भरमार है। ग्राम पंचायत की उदासीनता से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। ग्रामीण चन्द्रपालसिंह शक्तावत ने बताया इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन ग्राम पंचायत ने गलत जानकारी देकर शिकायत बन्द करवा दी।

## पर्याप्त वर्षा की कामना हेतु नगरवासी आज उजमनी मनायेंगे- गुर्जर

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बंशीलाल गुर्जर, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने मंदसौर नगरवासियों से पर्याप्त वर्षा की कामना हेतु उजमनी मनाने का आव्हान किया है। आज दिनांक 12 अगस्त शनिवार को प्रात: 9.30 बजे विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा पर सर्वसमाजजन एकत्र होंगे तथा विश्वपति शिवालय पर अभिषेक व दर्शन कर प्रार्थना रैली निकालेंगे। यह रैली प्रमुख मार्गो र्से होते हुए भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचेगी जहां पर्याप्त वर्षा की कामना हेतु पशुपतिनाथ से प्रार्थना की जायेगी। रैली में शामिल धर्मालुजन भगवान के भजन कीर्तन भी कर भगवान इन्द्र से पर्याप्त वर्षा हेतु प्रार्थना करेंगे। यह प्रार्थना रैली नपा परिषद व सर्व समाज के द्वारा निकाली जायेगी। प्रार्थना रैली के पश्चात् धर्मालुजन अपनी अपनी सुविधानुसार घर से बाहर भोजन तैयार का भगवान को भोग लगायेंगे तथा प्रभु से पर्याप्त वर्षा हेतु प्रार्थना करेंगे। मंदसौर नगर के सभी गणमान्य नागरिकों से आग्रह है कि वे इस प्रार्थना रैली में भागीदारी करे तथा उजमनी भी मनाये। इस आशय की अपील नपा उपाध्यक्ष नम्रता प्रीतेश चावला, सभापतिगण निर्मला चंदवानी, निलेश जैन, सत्यनारायण भांभी, कौशल्या बंधवार, रमेश ग्वाला, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, शांतिदेवी फरक्या ने की है।

# नेशनल लोक अदालत 9 सितम्बर को

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार तथा श्री अजीत सिंह प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय भानपुरा, गरोठ, सीतामऊ, नारायणगढ़, कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय, उपभोक्ता फोरम, मंदसौर में 9 सितम्बर 2023 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर के सचिव/जिला न्यायाधीश श्री हर्ष सिंह बहरावत द्वारा बताया गया कि नेशनल लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरण जैसे क्लेम प्रकरण, सिविल प्रकरण, विद्युत प्रकरण, धारा 138 एन.आई.एक्ट के प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, भू-अर्जन, श्रम प्रकरण, उपभोक्ता विवाद संबंधी मामले, राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, सर्विस मैटर व जिला न्यायालय में लंबित राजस्व मामलों के साथ प्रस्तुत होने वाले प्री-लिटिगेशन मामलों को आपसी समझौते की प्रक्रिया हेतु रखा जाना हैं। उक्त नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्तागण, विद्युत विभाग, बीमा कंपनियों एवं बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की जावेगी। लोक अदालत में निराकृत होने वाले प्रकरणों में जमा किया गया न्याय शुल्क पक्षकार वापिस लेने का हकदार है। अत: समस्त पक्षकार एवं उनके अधिवक्तागणों से अपील की जाती है कि वे अपने प्रकरण अधिक से अधिक संख्या में निपटाकर लोक अदालत योजना का लाभ उठावें।

## संत श्रीकृष्णानंद जी दो दिवसीय दौरे पर शामगढ़ में आज

**सुवासरा, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 226 के शहर सुवासरा एवं शामगढ शहर में अंतर्राष्ट्रीय संत श्री पं.कृष्णानंद जी महाराज (अजमेर) दो दिवसीय दौरे पर शामगढ –सुवासरा आ रहे हैं उनका विशेष कार्यक्रम शामगढ में हनुमान चालीसा टावर का भव्य शुभारंभ उनके करकमलों के द्वारा किया जाएगा वहीं दूसरी छोर सुवासरा शहर में पाताल लोक प्रतिनिधि एवं जिला कांग्रेस के महासचिव पंकज बैरागी के निवास पर दिनांक 13 अगस्त को वार रविवार को सायं पहुंचेंगे वही भक्तजनों को दर्शन देंगे वही समस्त धर्म प्रेमी सज्ञनों एवं मातृ शक्तियों को इन समस्त समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि सुवासरा एवं शामगढ शहर में दिनांक 12 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनावे वहीं उक्त आशय की जानकारी श्री कृष्ण राम रसोड़ा के संचालक श्री पंकज बैरागी ने एक प्रेस नोट के माध्यम से दी

## ईश्वरीय शक्ति सदैव सबके साथ रहती हैं- संत ज्ञानानंद जी

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** इस पूरे जगत के पिता देवों के देव महादेव हैं। संसार में जन्म लेने वाला कोई भी व्यक्ति कभी निराश्रित हो ही नहीं सकता। ईश्वरीय शक्ति सदैव सब के साथ रहती है। ये विचार हरिद्वार के पूज्य संत श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने नगर के समाजसेवी श्री कारुलाल सोनी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। आपने कहा कि स्वयं के लिए तो हर व्यक्ति जीते हैं किन्तु जीवन उन्हीं का सार्थक है जो समाज और राष्ट्र की सेवा में स्वयं को समर्पित करता है। श्री कारूलाल सोनी ने मंदसौर नगर में धर्म और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। श्री कारूलाल सोनी ने कहा कि विरासत में परिवार से मिले संस्कारों का मेरे जीवन पर आरंभ से ही प्रभाव रहा है। इसीलिए धर्म व समाज की सेवा के प्रति गहरी रुचि रही। मेरा सौभाग्य है कि मुझे देश के अनेक विद्वान संतों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने कहा कि नगर की धार्मिक परंपरा को श्री सोनी ने अपने परिश्रम व समर्पण से आगे बढ़ाया है।इस क्षेत्र के लोगों को देश के शीर्षस्थ विद्वान संतो के प्रवचन सुनने व दर्शन करने का अवसर आपके माध्यम से मिला है। श्री सोनी ने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बालिका गृह अपना घर के लिए दस हजार रु.प्रदान किए। स्वामीजी का शाल व श्री फल भेंट कर सम्मान किया गया। श्री सोनी को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी।

## मतदाता जागरूकता रथ हाट बाजार, चौराहों में घूमकर मतदाताओं को कर रहा जागरूक

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** निर्वाचन आयोग के निर्देश से मतदाता जागरूकता रथ हाट बाजार, चौराहों में घूमकर मतदाताओं को जागरूक कर रहा है। रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा हैं। यह रथ हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर भ्रमण कर रहा हैं। इस रथ में एक एलईडी भी लगी है। जहां पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वीडियो क्लिप्स चल रही है। उस वीडियो क्लिप में ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा। जिले में चारों विधानसभा क्षेत्रों में चार मतदाता जागरूकता रथ भ्रमण कर रहे है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 16 | 1920 | 2341 |
| उड़द | 9 | 6300 | 8060 |
| सोयाबीन | 5389 | 3900 | 4980 |
| गैहु | 5000 | 2250 | 2915 |
| चना | 109 | 4700 | 5150 |
| मसुर | 209 | 5200 | 5845 |
| धनिया | 345 | 5800 | 7530 |
| लहसुन | 16000 | 8001 | 15001 |
| मैथी | 1019 | 6150 | 7301 |
| अलसी | 1670 | 4800 | 5300 |
| सरसो | 205 | 4910 | 5481 |
| तारामीरा | 10 | 5230 | 5267 |
| इसबगोल | 43 | 14830 | 24300 |
| प्याज | 1359 | 700 | 1850 |
| कलोंजी | 43 | 12000 | 17000 |
| डॉलर | 25 | 8181 | 15252 |
| तिल्ली | 35 | 10650 | 16400 |
| मटरसुखी | 00 | 00 | 00 |
| असालीया | 13 | 9570 | 10400 |

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् मन्दसौर (म.प्र)

### नामातंरण विज्ञप्ति

क्रमांक 2250/संपत्ति कर/2023

मन्दसौर दिनांक 10.08.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को निम्नलिखित भवनों/ भूमियों पर नामातंरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिस किसी को इन आवेदनो पर आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार नामातंरण की कार्यवाही की जावेगी। सूचित हो।

| क्र. | प्रकरण क्र. | मोहल्ला | वार्ड नं. | प्लाट/ मकान नं. | नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज नाम | अंतरण कराने वाले का नाम | किसके हक में अंतरण होगा | माध्यम/ आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1334×7/2023 | हजारी रोड़ | 18 | मकान नं.10 | इब्राहिम पिता हसन अली | 1 हुसैनी 2 इकबाल पिता फखरुद्दिन | 1 जोयब अली पिता स्व. इब्राहिम दूधवाला 2 शब्बीर हुसैन दूधवाला | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र विक्रय पत्र |
| 2 | 1335×7/2023 | नारायण नगर सिल्वर | 33 | प्लांट नं. 46 | उपेन्द्र पिता दीपक कुमार भूत एवं आदि | शालीमार द्वारा भागीदार दीपककुमार पिता जड़ावचंद भूता एवं आदि | यास्मीन पति मुख्त्यार खां | विक्रय पत्र |
| 3 | 1336×7/2023 | नारायण नगर सिल्वर | 33 | प्लांट नं. 45 | उपेन्द्र पिता दीपक कुमार भूत एवं आदि | शालीमार द्वारा भागीदार दीपककुमार पिता जड़ावचंद भूता एवं आदि | यास्मीन पति मुख्त्यार खां | विक्रय पत्र |
| 4 | 1337×7/2023 | नारायण नगर सिल्वर | 33 | प्लांट नं. 177 | उपेन्द्र पिता दीपक कुमार भूत एवं आदि | शालीमार द्वारा भागीदार दीपककुमार पिता जड़ावचंद भूता एवं आदि | अम्बालाल पिता लालचदं जैन | विक्रय पत्र |
| 5 | 1338×7/2023 | न्यू आनंद विहार 1 | 5 | प्लांट नं. 241 | मोहन पिता झमटमल मेघनानी एवं आदि | मोहन पिता झमटमल मेघनानी एवं आदि | चंद्रप्रकाश पिता गणेशराम आर्य | विक्रय पत्र |
| 6 | 1339×7/2023 | कर्म. कालोनी | 21 | प्लांट नं. 97 | लीला पति स्व. अशोककुमार चपरोत | लीला पति स्व. अशोककुमार चपरोत | सविता पति सूर्यप्रकाश भावसार | विक्रय पत्र |
| 7 | 1340×7/2023 | नंदा नगर | 5 | प्लांट नं. 63 | फर्म नंदा प्रापर्टीज प्रितेश पिता कैलाश चावला एवं आदि | फर्म नंदा प्रापर्टीज प्रितेश पिता कैलाश चावला एवं आदि | 1. पूजा पति सुनील जोशी 2. पूजा पति रविन्द्र जोशी | विक्रय पत्र |
| 8 | 1341×7/2023 | गणपति मार्ग | 20 | मकान नं.15 का भाग | स्व. भागवतीबाई उर्फ भागवन्तीबाई पति स्व. लक्ष्मीनारायण दशौरा | स्व. भागवतीबाई उर्फ भागवन्तीबाई पति स्व. लक्ष्मीनारायण दशौरा | 1. दुर्गाबाई पिता स्व. लक्ष्मीनारायण दशौरा व आदि | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 9 | 1342×7/2023 | प्रेम कालोनी | 1 | मकान नं.16 (15) का भाग | स्व. जयपालसिंह पिता दलपतसिंह सिसौदिया | सुमन पति शरद अकोलकर | कृष्णा पति स्व. जयपालसिंह सिसौदिया | विक्रय पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 10 | 1343×7/2023 | देतवार गली नरसिंहपुरा | 36 | मकान नं.347 | स्व. मांगीलाल पिता उदाजी कुमावत | स्व. मांगीलाल पिता उदाजी कुमावत | 1. विद्याबाई पति स्व. परसराम, 2. कुंदनमल पिता स्व. मांगीलाल कुमावत, 3 रामचंद्र पिता स्व. मांगीलाल कुमावत 4. रमेश पिता स्व. मांगीलाल | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 11 | 1344×7/2023 | राम मोहल्ला | 19 | मकान नं. 8 का भाग | भारती पति माणक पंवार | भारती पति माणक पंवार | किरणबाई पति रतनलाल नामदेव | विक्रय पत्र |
| 12 | 1345×7/2023 | म.प्र. कर्म. गृह निर्माण सह समिति | 39 | प्लांट नं. 97 | हीरालाल पिता रामनारायण पाटीदार | म.प्र. कर्म. गृह निर्माण अध्यक्ष कैलाशचंद्र पिता किशोरलाल पाठक | वर्षा पति सुनीलकुमार पाटीदार | विक्रय पत्र |
| 13 | 1346×7/2023 | गौतम नगर रोड 1 | 18 | मकान नं.20/1 17/1 | मंजूबाई पति राजेशकुमार सोनी | मंजूबाई पति राजेशकुमार सोनी | रेखाबाई पति कृष्णकांत लक्षकार | विक्रय पत्र |
| 14 | 1347×7/2023 | नवरत्न कालोनी | 26 | प्लांट नं. ई 8 | गोविन्द पिता प्रेमचंद विजयवर्गीय | चयन कस्ट्रक्शन इफ्रास्ट्रचर प्राईवेट लिमि. गोविन्द पिता प्रेमचंद विजयवर्गीय | बबलीबाई पति ईश्वर परमार | विक्रय पत्र |
| 15 | 901×7/2023 | रेवास देवड़ा रोड़ | 22 | सर्वे नं. 1912 में से 6000 वर्गफीट | नाम दर्ज नहीं | कचरमल, जगदीश पिता तुलसीराम कुमावत | गिरजादेवी पति रामगोपाल कुमावत | विक्रय पत्र, डायवर्शन आदेश, नगर तथा ग्राम निवेश कार्या. का अनुमोदित नक्शा |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिका मन्दसौर (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)




**मंदिर में रोको-टोको अभियान-** श्री पशुपतिनाथ मंदिर में प्रबंध समिति द्वारा भारतीय परिवेश के कपड़े पहन कर प्रवेश का बोर्ड लगाया गया है। जिसके बाद शुक्रवार को मंदिर के गार्डो द्वारा रोको-टोटो अभियान चलाया गया।

## दिव्यांग चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर भानपुरा में आयोजित हुआ

**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** एलिम्को संस्था के चिकित्सकों एवं जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञों द्वारा 11 से 19 अगस्त तक जिले में विकासखण्ड स्तर पर शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत 11 अगस्त को भानपुरा में जनपद शिक्षा केन्द्र पर शिविर आयोजित हुआ। जिसमें लक्ष्य 278 के लक्ष्य के तहत 102 दिव्यांग उपस्थित हुए।

जिला शिक्षा केंद्र के सहायक परियोजना समन्वयक रामलाल लोदवार ने बताया प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं के चिकित्सीय मूल्यांकन किया जा रहा है। भानपुरा में आयोजित शिविर में आर्थोपेडिक डॉ. शुभम जैन, नाक कान गला स्पेशलिस्ट डॉ. वी.के. वर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश सिंधवानी, गोमाबाई नेत्रालय नीमच के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. योगेन्द्र राठौर, एलिम्को के पी एण्ड ओ आफीसर डॉ. नेहा अग्निहोत्री, सायकोलॉजिस्ट क्लिनिकल डॉ. उमेश्वरी ठाकुर, साइकोलॉजिस्ट डॉ. ऋषिकेश त्रिवेदी ने सेवाएं दी।

**आज गरोठ में आयोजित होगा शिविर-** श्री लोदवार ने बताया कि आज 12 अगस्त को गरोठ में प्रात: 10.30 बजे से जनपद शिक्षा केन्द्र पर शिविर आयोजित होगा। 17 अगस्त को सीतामऊ 18 अगस्त को मल्हारगढ़ एवं 19 अगस्त को मंदसौर में राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशन एवं जिला कलेक्टर के मागदर्शन में बच्चों की दिव्यांगता शिविर आयोजित किये जा रहे है। उक्त शिविर में जो बच्चे कृत्रिम उपकरण के पात्र पाये जायेंगे उन्हें राज्य शिक्षा केंद्र की तरफ से एलिम्को द्वारा कृत्रिम अंग निर्मित कराकर बाद में एक शिविर आयोजित कर उन्हें उपकरण वितरित किये जायेंगे। उक्त शिविर में बच्चों को आने जाने हेतु मार्ग व्यय एवं भोजन की व्यवस्था भी रहेगी।

## गांव में दिखा 15 फीट लंबा अजगर

**मनासा, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** वन मंडल क्षेत्र के पड़दा ग्राम में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बीती रात एक विशालकाय अजगर पड़दा ग्राम पंचायत कार्यालय के भवन के पीछे होने की जानकारी मिली। ग्रामीणों ने तत्काल उपवन मंडल अधिकारी मनासा को सूचना दी। जिस पर उपवन मंडल अधिकारी ने तुरंत मामला संज्ञान में लेते हुए एक रेस्क्यू टीम को ग्राम पड़दा के लिए रवाना किया। रेस्क्यू टीम ने लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

पकड़े गए अजगर की लंबाई करीब लगभग 15 फीट बताई गई है। जबकि, अजगर का वजन 20 किलो बताया जा रहा है। रेस्क्यू के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई। हालात ऐसे हो गए कि रेस्क्यू में भी कठिनाई होने लगी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की डायल-100 गाड़ी को बुलाना पड़ा। रेस्क्यू के बाद अजगर को गांधी सागर अभ्यारण क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

# डेढ़ लाख लाइसेंस दिए जाएं-सांसद

## नई अफीम नीति को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले सांसद सुधीर गुप्ता



**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नई अफीम नीति 2023 24 को लेकर आज सांसद सुधीर गुप्ता ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से मिलकर नई अफीम नीति 2023-24 के लिए एक मांग पत्र सौंपा और कहा कि नई नीति में इस वर्ष डेढ लाख अफीम के लाइसेंस दिए जाए। नई अफीम नीति के लायसेंस पात्रता हेतु 5.9 किलोग्राम / हेक्टेयर मॉर्फीन औसत की अनिवार्यता को समाप्त किया जाये, क्योंकि फसल वर्ष 2022-23 में अफीम लायसेंस वितरण प्रक्रिया में देरी होने तथा बेमौसम बारिश के कारण अफीम में पानी की मात्रा बढ़ने से गाढ़ता कम बैठी जिसके कारण मार्फिन औसत के कमी देखी गई। अत: आगामी नीति में 3.5 किलोग्राम / हेक्टेयर मॉर्फीन के आधार पर लायसेंस वितरित किए जायें। मृतक किसानों के नामांतरण उनके उत्तराधिकारी जैसे पत्नी, पुत्र, पुत्री के अलावा मृतक किसान के विधिक/वैध वारिसान जैसे दत्तक पुत्र-पुत्री, पौत्र-पौत्री या किसान द्वारा आवदेन पत्र में दर्शाए गए वारिसान / उत्तराधिकारी के नाम पर नामांतरण करके प्रक्रिया को आसान किया जाकर किसानों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जाये व निति जारी होने से पूर्व ही नामान्तरण प्रक्रिया पूर्ण करने का आदेश प्रसारित करे। अफीम नीति की घोषणा अगस्त माह में तथा लायसेस वितरण सितम्बर माह के दितीय सप्ताह तक अनिवार्य किया जाये। उन्होंने कहा कि फसल वर्ष 1995-96 के पक्षात प्राकृतिक आपदा कमी औसत या विभिन्न कारणों से कटे हुए लायसेंस भी बहाल किये जाये। वर्ष 2014 से लगातार अफीम निति में सुधार हो रहा है पिछली नीतियों में माफन स्ट्रेंथ की बाध्यता हटी है विगत वर्षों में र्घटिया अफीम लाइसेंस जिनकी माफींन स्ट्रेंथ 6% से उपर है परन्तु उस पूर्ण ओसत नहीं होने के कारण कई अफीम किसान इससे वंचित रह गए अत: ऐसे अफीम किसानों को पिछले 3 वर्ष के औसत गणना के आधार पर लाइसेंस प्रकिया में शामिल किया जायें सभी किसानों को समान रूप से 10 आरी के लाइसेंस जारी किये जाये, साथ ही जो कृषक उच्च गुणवत्ता पूर्ण मार्फीन ओसत देते है उनके लिए बढे हुए भावो का टेरिफ बनाया जाये। सभी किसानों को एक से अधिक प्लॉटो में अफीम बोने की अनुमति दी जायें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय कृषको के कृषि खर्चे की तुलना में उत्पादित फसल की लागत नहीं निकलती उस संबंध में सरकार लगातार MSP में वृद्धि कर रही है। मगर अफीम की मूल्यों की बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है हमारी मांग के पश्चात मूल्य वृद्धि का विषय टेरिफ कमीशन के पास लंबित है। अत: मूल्य वृध्दि इस वर्ष अवश्य की जावे। कृषको के खेत पर खडी फसल चोरी होने या जंगली पशु, नीलगाय के नष्टकरने पर कृषक हमेशा अपना लाइसेंस खो रहा है। इस विषय पर भी गंभीरता से चर्चा की जाए। अफीम कृषको कि अफीम गुणवत्ता का परिणाम लेब से प्राप्त होता है जो नीमच एवं गाजीपुर में है मेरा आपसे आग्रह है की तोल केंद्र पर ही कृषक को फ़ाइनल परिणाम इस वर्ष से प्रारम्भ हो ऐसी व्यवस्था की जावे। वर्तमान में समय में जब कृषको को लाइसेंस मार्फीन के आधार पर दिए जा रहे है तो ऐसी स्थिति में कच्चे तोल की अनिवार्यत निरर्थक है इसके स्थान पर कृषक अफीम चीरा लगा रहे है केवल इतना रिकॉर्ड किया जाए इससे तोल प्रकिया व मिलान प्रकिया के बीच समय व विवाद से बचा जा सकेगा। पूर्व निर्धारित अफीम नीति में 1998 से 2003 तक लाइसेंस 5 वर्ष की औसत की गणना के आधार पर जारी किए थे जिसमे कई किसान लगातार एक या दो वर्षो से किसी कारण वश खेती नहीं कर पाए थे उन्हें 3 वर्षो र्की ओसत की गणना के आधार पर लाइसेंस प्रकिया में शामिल किया जावे। विभागीय आदेश की अवहेलना के कारण जो लाइसेंस रुके हुए वह पिछले कुछ वर्षो में जॅरी कर दिए थे उनमे वर्ष 1998 तक के अफीम किसानों को जोड़ा जाए। 1995-96 से 2023 तक स्वैच्छिक जमा अफीम लाइसेंस जारी करें। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को एक और गंभीर विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि NDPS ACT की प्रक्रिया व धाराओ पर पुन विचार के लिए एक कमेटी गठित की जाए एवं साथ ही POPPY HUSK (डोडाचुरा) में उपलब्ध NARCOTICDRUG नशीले पदार्थ की बहुत ही कम मात्रा के कारण इसे NDPS ACT की परिधि से बाहर किया जावे। 1995-96 से वर्तमान तक जितने भी लाइसेंस धारी किसान परिवार रहे है उन्हें वर्तमान पद्धति या CPS पद्धति अंतर्गत लाइसेंस प्रकिया से पुन: जोड़ा जाए। ताकि पोस्तादाना का उत्पादन बढ़ाया जा सकेगा। उझडपद्धति अंतर्गत निकले जाने वाले डोडाचूरे के भंडारण हेतु प्रस्तावित ओद्योगिक इकाई एवं कारखाने का शीघ्र निर्माण कराया जावे।

## प्रदेश में अब आनलाइन होगी भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई

**भोपाल, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई अब आनलाइन की जाएगी। इस संबंध में प्रमुख राजस्व आयुक्त ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार आदेश के तहत अब मध्य प्रदेश में भू-अर्जन के लिए प्रस्तुत करने वाली समस्त परियोजना के आवेदन-पत्रों को रेवेन्यू केस मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर लेंड एक्विजिशन मैनेजमेंट सिस्टम में आनलाइन दर्ज किया जाएगा। इसकेसाथ ही निर्धारित समय-सीमा अनुसार चरणबद्ध रुप से निराकरण किया जाए।

### पुरानी पद्धति समाप्त...

मध्य प्रदेश के प्रमुख राजस्व आयुक्त के इन दिशा-निर्देशों के कारण अब जिलों द्वारा पुरानी पद्धति से की जा रही भूमि अधिग्रहण की कारवाई समाप्त कर दी गई है।

### प्रचलित कार्रवाई भी निरस्त...

उल्लेखनीय है कि हाल ही में टीकमगढ़ जिले की बल्देवगढ़ तहसील में जल संसाधन विभाग की ग्राम सुजानपुरा खास, राजनगर व देवीनगर की परियोजना में भूमि अधिग्रहण की प्रचलित कार्रवाई भी निरस्त कर दी गई है।



## आजादी का अमृत महोत्सव मनाया

**सुवासरा, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम ग्राम पंचायत गोवर्धनपूरा में आयोजित किया गया है जिसमें वीरों के सम्मान में ध्वजा रोहण किया गया एवम शिलालेख का अनावरण एवं वृक्षारोपण कार्य किया गया जिसमे गांव के के सरपंच विनोद मेहर सचिव दिनेश व्यास सायक सचिन विक्रम चोधरी एवम गांव के वरिष्ट जनप्रतिनिधि युवा शक्ति एवम शिक्ष सविता भाटिया रघुराज सिंह देवडा आंगनवाडी कार्यकर्ता यशोदा पाण्डे संगीता गेहलोद स्वास्थ विभाग से सुजाता पाटीदार चियोचो सुनीता प्रधान आशा सयोगनी मानामेहर आशा कार्यकर्ता मनभावन सिंह देवडा राजेंद्र सिंह देवडा आजाद सिंह देवडा देवकिशन मालवीय उपस्थित रहे।

## स्कूल के सामने भरा रहता है गंदा पानी

**पिपलियामंडी, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम बिल्लौद प्राथमिक स्कूल के सामने नाली का गंदा पानी भरा रहने से विद्यार्थी व रहवासी परेशान है। रहवासी मदनलाल पाटीदार, ईश्वरलाल, देवीलाल, सम्पतबाई ने बताया स्कूल के सामने नाली का पानी सड़क पर भरा होने से विद्यार्थी तो परेशान है ही आने-जाने वाले राहगीरों व रहवासियों को भी परेशान का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी से मच्छर भी पनप रहे है। इधर सहायक सचिव विनोद पाटीदार का कहना है प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के दौरान कच्ची नालियां बनाई, इस कारण जाम हो रही है।

## रेप केस में 20 साल तो मॉब लिंचिंग में सजा-ए-मौत का प्रावधान, सीआरपीसी में संशोधन से क्या-क्या बदलेगा?

**नईदिल्ली, 11 अगस्त।** शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में सीआरपीसी अमेंडमेंट बिल पेश किया। इसे पेश करते हुए अमित शाह ने कहा कि इस बिल के जरिए अंग्रेजों के वक्त बनाए गए इन पुराने कानूनों में व्यापक बदलाव होगा। आइए जानते हैं इस सीआरपीसी में होने वाले इस संशोधन का मतलब?

रेप केस में 20 साल की सजा तो मॉब लिंचिंग जैसे मामलों में सजा-ए-मौत का प्रावधान... केंद्र सरकार अपराध की वीभत्स घटनाओं पर सख्त सजा का प्रावधान लाने जा रही है। इसी कडी में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में सीआरपीसी संशोधन बिल पेश किया। संसद के मौजूदा मानूसन सत्र में शुक्रवार को लोकसभा में इस बिल को पेश करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस बिल के जरिए अंग्रेजों के वक्त बनाए गए इन पुराने कानूनों में व्यापक बदलाव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि चार साल तक इन पर गहन विचार-विमर्श हुआ। जिसके बाद अब यह बिल लाया गया है। इन नए बिलों को संसद की गृह मामलों की स्टैंडिंग कमेटी को भेजा जाएगा। आइए जानते हैं इस सीआरपीसी में होने वाले इस संशोधन का मतलब?

**झूठे वादे कर यौन संबंध बनाना भी अपराध की श्रेणी में आएगा-** बिल पेश करते हुए अमित शाह ने साफ कहा कि गुलामी की निशानी से भरे हुए कानूनों को हम हटा रहे हैं। दंड देने वाले नहीं, बल्कि न्याय दिलाने वाले कानून हम ला रहे हैं। होम मिनिस्टर ने यह भी बताया कि शाह ने कहा कि नए कानूनों के तहत यह सरकार पहली बार शादी, रोजगार और पदोन्नति के झूठे वादे करके यौन संबंध बनाने को अपराध की श्रेणी में ला रही है।

**इन तीन कानूनों को बदल रही केंद्र सरकार-** केंद्र सरकार जिन तीन कानूनों को बदलने जा रही है, उसमें आईपीसी 1860, सीआरपीसी 1898, इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 है। ये तीनों अंग्रेजों द्वारा लाए गए कानूनों को हटाकर अब भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 कानून लाए गए हैं।

**गृह मंत्री बोले- सबको न्याय मिलने में होगी आसानी-** सदन में गृह मंत्री ने कहा कि सबको न्याय देना उद्देश्य है। मैं सदन को आश्वस्त करता हूं इससे लोगों को न्याय मिलने में आसानी होगा। इसको स्टैंडिंग कमेटी में भेजा जा रहा और आम आदमी इस नए कानून के मध्य में होगा। सभी हाईकोर्ट, यूनिवर्सिटी, सुप्रीम कोर्ट, आईएएस, आईपीएस, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सासंद, विधायक, लॉ यूनिवर्सिटी आदि को पत्र लिखकर कंसल्टेशन लिया गया है।

बिल पास होने के बाद होंगे ये 6 बडे बदलाव- ✻ आईपीसी में राजद्रोह की धारा 124ए को पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। संगठित अपराधों पर अंकुश के लिए प्रावधान कड़े किए जाएंगे। ✻ मॉब लिंचिंग (भीड द्वारा पीट पीटकर हत्या) के लिए सात साल या आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान होगा। ✻बलात्कार पर 20 साल की कैद का प्रावधान और 18 साल की कम उम्र की बच्ची से बलात्कार पर मृत्युदंड की सजा का प्रावधान है। ✻ यौन उत्पीडन की पीडिता के बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग करानी अनिवार्य होगी। 90 दिन में उसकी स्टेटस रिपोर्ट भेजनी होगी। इतना ही नहीं 7 साल से अधिक सजा के प्रावधान वाले केसों में पीडिता को सुने बिना उस केस को खत्म नहीं किया जा सकेगा। पुलिस को अधिकतम 180 दिन में जांच समाप्त करनी होगी और अदालतें भी फैसलों को सालों तक लंबित नहीं रख सकतीं। ✻ जीरो एफआईआर को मजबूत किया जाएगा और कोई भी शख्स कहीं से भी जीरो एफआईआर करा सकता है। अपराध की रिपोर्ट को 15 दिन में संबंधित थाने को भेजना होगा। सिविल सर्वेंट के खिलाफ पुलिस को चार्जशीट के लिए अनुमति लेनी होगी। किसी को अगर पुलिस हिरासत में लेती है तो उस शख्स के परिवारवालों को ऑनलाइन और कागजी रूप में सूचना देना अनिवार्य होगा। ✻ नए कानूनों में हेट स्पीच और धार्मिक भड़काऊस्पीच को भी अपराध की श्रेणी में शामिल किया गया है. अगर कोई व्यक्ति हेट स्पीच देता है, तो ऐसे मामले में तीन साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान किया जाएगा।

## शराब के नशे में पत्नी को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शराब के नशे में पत्नी से मारपीट करने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। नापाखेड़ा निवासी शारदाबाई बागरी ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई शराब के नशे में पति घर पर आया और बोला खाना क्यों नही बनाया, कहकर गाली-गलौज की व लकडी से पीटा। पुलिस ने समरथ के खिलाफ केस दर्ज किया।

### शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर की एनसीसी इकाई द्वारा...

## हर घर तिरंगा अभियान हेतु जनजागरूता रैली का आयोजन



**मंदसौर, 11 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार द्वारा दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2023 की अवधि में हर घर तिरंगा अभियान के क्रियान्वयन हेतु जारी निर्देषों के अनुक्रम में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के माध्यम से जनसामान्य में देशभक्ति की भावना जागृत किये जाने व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता पैदा किए जाने हेतु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जनजागरूकता रैली निकालने हेतु आदेशित किया गया था।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर प्रशासन द्वारा सामान्य जनता को जागरूक करने हेतु हर घर तिरंगा अभियान के तहत राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर की एनसीसी इकाई द्वारा दिनांक 09 अगस्त, 2023 एवं 11 अगस्त, 2023 को जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता रैली में एनसीसी अधिकारी लेफ्टीनेंट योगेश कुमार पटेल एवं एनसीसी केडेटस द्वारा जनता को अपने घर पर दिनांक 13 से 15 अगस्त तक झंडा लगाने एवं साथ ही सोश्यल मीडिया के माध्यम से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु अभिप्रेरित किया गया।

---

### कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक | मंदसौर, दिनांक 11.08.2023

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 14 एडी 1172 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में रजक मोहम्मद पिता खुदा बक्ष निवासी शामगढ़, तह. शामगढ़, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 20.11.2022 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी मोबिना बी पति रजक मोहम्मद निवासी शामगढ़, तहसील शामगढ़, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

---

### कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1433/खनिज/2023 | मंदसौर, दिनांक-10.08.2023

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

**//// प्रथम सूचना ////**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक चारभूजा इन्फ्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी, सीतामऊ फाटक, मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 01.08.2023 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 14.09.2023 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मंदसौर | बिलांत्री | 514/1/1 | 1.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर, एम.सें ड एवं मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14.09.2023 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्य तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।

5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**प्रभारी अधिकारी**
**खनिज शाखा, जिला मंदसौर म.प्र.**

G-18176/23 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।

---




---

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

## नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मदसौर स्थित भूखंड क्रमांक L.II. 108 श्री राजेन्द्रपाल बग्गा पिता श्री हरिकिशन लाल बग्गा को नामांतरित हुआ था एवं भूखंड का पट्टाभिलेख दिनांक 30.05.1995 को पंजीयन कार्यालय मंदसौर में निष्पादित करवाया गया था।

श्री राजेन्द्रपाल बग्गा पिता श्री हरिकिशन लाल बग्गा का स्वर्गवास दिनांक 27.06.1999 इनकी पत्नी श्रीमती रीना बग्गा पति स्व. श्री राजेंद्र पाल बग्गा अपने एक पुत्र श्री जीतेन्द्र बग्गा पिता स्व.श्री राजेंद्र पाल बग्गा एवं एक पुत्री श्रीमती रश्मि मोंगा पति श्री सूरज प्रकाश मोगा की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर श्रीमती रीना बग्गा पति स्व. श्री राजेंद्र पाल बग्गा भूखंड का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उज्र हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखंड क्रमांक L.II. 108 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती रीना बग्गा पति स्व. श्री राजेंद्र पाल बग्गा के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)**

---

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

## नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक L. II. 258 श्री आनंद सिंह वर्मा पिता कचरू सिंह वर्मा को वर्ष 1990 में आवंटित हुआ था। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 07.04.1997 को इनके पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीबद्ध करवा दिया गया था।

श्री आनंद सिंह वर्मा पिता कचरू सिंह वर्मा का स्वर्गवास दिनांक 11.03.2011 को हो जाने से इनके एक मात्र पुत्र श्री गोपाल सिंह मंगोलिया पिता स्व. श्री आनंद सिंह भवन का नामांतरण अपनी माता श्रीमती नंदकुंवर पति स्व. श्री आनंद सिंह की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उज्र हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक L. II. 258 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्री गोपाल सिंह मंगोलिया पिता स्व. श्री आनंद सिंह के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)**

---

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

## नामान्तरण -सूचना

**मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक L.II.315 श्रीमती राधा बाई पति स्व. श्री मोहन लाल खाती, श्री निर्मल कुमार पिता स्व. श्री मोहन लाल खाती एवं श्री धर्मेन्द्र पिता स्व.श्री मोहन लाल खाती को नामांतरित हुआ था एवं भवन का लीज नवीनीकरण दिनांक 16.05.2023 को पंजीयन कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था।**

**श्रीमती राधा बाई पति स्व. श्री मोहनलाल खाती, श्री निर्मल कुमार पिता स्व. श्री मोहनलाल खाती एवं श्री धर्मेन्द्र पिता स्व. श्री मोहनलाल खाती द्वारा भवन का विक्रय श्री संदीप जैन पिता श्री संतोषकुमार जैन को कर विक्रय पत्र दिनांक 03.07.2023 को पंजीयन निष्पादित करवा दिया था। विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर श्री संदीप जैन पिता श्री संतोष कुमार जैन भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते है।**

**अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमाक L. II.315 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्री संदीप जैन पिता श्री संतोष कुमार जैन के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उज्र मान्य नही होगा।**

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in